## Headline

1. Karnataka Chunav Result: कांग्रेस की पकड़ मजबूत, BJP-JDS को नुकसान; बोम्मई बोले- लोकसभा में वापसी करेंगे
2. Pakistan: पाकिस्तान में हिंसक झड़पों के बाद सेना में फूट और मार्शल लॉ लगाने पर चर्चा, आर्मी ने जारी किया बयान
3. Somalia floods: तीन साल से सूखे पड़े इथियोपिया और सोमलिया में आई बाढ़, लाखों लोग देश छोड़ने को मजबूर
4. USA: ईरान की दादागिरी से भड़का अमेरिका, अरब क्षेत्र में बढ़ाएगा सैन्य मौजूदगी और निगरानी
5. Atiq Ashraf Murder: आईएसआई एजेंट मिला ना लश्कर का हैंडलर, राज ही रह गया अतीक का आतंकी कनेक्शन, पाक कारतूस...


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 303 | इंदौर, शनिवार 13 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# पुलिस से मदद मांगने वाली जीनत निकली बड़ी ठग, गोल्ड ट्रेंडिंग, क्रिप्टो के नाम पर लाखों का चूना लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर में पुलिस से मदद मांगने वाली महिला बड़ी ठग निकली। उसने डायल 100 पर फोन लगाकर पुलिस को कहा कि एक महिला और उसका परिवार उसे परेशान कर रहा है। बाद में जब जांच हुई तो पता चला कि वह एक बड़ी ठग है जिसने कई लोगों को लाखों रुपए का चूना लगाया है। उसके खुलते राज देखकर पुलिस भी अब हैरान है।**

पुलिस ने ठगी के आरोप में जीनत पति साजिद हुसैन निवासी वास्तु अपार्टमेंट इक्का पॉइंट को कोर्ट में पेश किया है। पुलिस ने उसे एक गैरेज मालिक को ठगने के मामले में गिरफ्तार किया था। उसके पास से मिले लैपटॉप, मोबाइल जब्त किए गए हैं और पुलिस को डॉलर व क्रिप्टो करंसी में लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है। जीनत की गिरफ्तारी के बाद कई लोग राऊ थाने पहुंचे हैं जिन्होंने बताया है कि जीनत ने उन्हें भी ठगा है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के बाद एफआईआर की संख्या बढ़ भी सकती है। राऊ थाना टीआई नरेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि सोमवार तक जीनत रिमांड पर है उससे पूछताछ की जा रही है। जीनत और उसके पति साजिद हुसैन के बैंक अकाउंट की जानकारी भी निकाली जा रही है।

### ● कैसे खुली पोल

इंदौर में क्रूड ऑयल और गोल्ड ट्रेडिंग के नाम पर सालभर में पैसा डबल करने का झांसा देकर आरिफ खान निवासी राम रहीम कॉलोनी राऊ से महिला ने 26 लाख रुपए ठगे। शुरुआत में एक लाख रुपए कैश जीनत को दिए। कुछ दिन में जीनत ने एक के बदले डेढ़ लाख रुपए आरिफ को रिटर्न कर दिए। इससे आरिफ को अच्छे रिटर्न की उम्मीद बंध गई और जीनत पर पक्का भरोसा हो गया। इसके बाद आरिफ ने उसे कई किश्तों में 26 लाख रुपए दिए। जब आरिफ ने बाद में पैसे मांगने शुरू किए तो वह टालने लगी इस पर आरिफ थाने पहुंचा।



### ● जीनत ने आरिफ के दोस्त की कार भी हड़प ली

आरिफ ने बताया कि जीनत ने कहा था कि उसे बिजनेस के चलते कई शहरों की यात्राएं करना होती हैं। इसके लिए किराए की कार की जरूरत पड़ती है। इस पर आरिफ ने दोस्त सद्दाम की कार MP09WD2357 को 30 हजार रुपए महीना किराए दिलवा दिया। जीनत ने पांच माह का किराया दिया फिर सात महीने तक किराया भी नहीं दिया। आरिफ ने जब कार मांगी तो उसने कार को घर पर रखना बंद कर दिया और कार लौटाने से भी इंकार कर दिया।

### ● इस तरह पैसे वापस दिलाएगी पुलिस

जीनत पर अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महिला का अकाउंट व प्रॉपर्टी सीज कर पैसा वसूलेगी। 19 जुलाई 2019 को 'अनियमित जमा योजना अधिनियम' को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक पेश किया। इसका उद्देश्य अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध लगाना है। इसमें आरोपी की संपत्ति और जमा राशि को सीज करने का प्रावधान जिम्मेदार अधिकारी को दिया गया है लेकिन पीड़ित को लेनदेन के पूरे प्रमाण देना होंगे।

**पूर्व मंत्री के पाखंड वाले बयान से संत नाराज**

# कहा- कांग्रेस मेनिफेस्टो में महाकाल मंदिर में निशुल्क दर्शन व्यवस्था की बात लिखें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के बयान से उज्जैन के संत नाराज हो गए। उन्होंने सज्जन वर्मा को आगामी विधानसभा चुनाव में अपने घोषणा पत्र में महाकाल मंदिर में वीआईपी कल्चर को समाप्त करने और मंदिर में निशुल्क दर्शन व्यवस्था लागू करने सहित मध्य प्रदेश में मठ मंदिरों के सरकारीकरण को समाप्त करने की घोषणा अपने मेनिफेस्टो में करने की मांग कर दी। दो दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में बीजेपी के नेताओं पर बात करते हुए वर्मा ने कहा था की महाकाल मंदिर में यूं- यूं करते है ना भस्म आरती में और फला ढिमका सोला पहनकर, पाखंडी लोगों से यही उम्मीद की जा सकती है। वहीं स्वस्तिक पीठ के पीठाधीश्वर डॉ अवधेशपुरी महाराज ने प्रधानमंत्री को वीआईपी कल्चर और दर्शन शुल्क पर रोक लगाने के लिए पत्र लिखा है।**

नारी सम्मान योजना के लिए उज्जैन पहुंचे पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान महाकाल मंदिर में वीआईपी कल्चर और गर्भगृह में प्रवेश को लेकर वसूली जा रही राशि को लेकर सवाल किया गया था। इस पर वर्मा ने कहा था कि मैं जब प्रभारी मंत्री था भगवान महाकाल की सौगंध एक बार भी मैंने गर्भगृह के अंदर जाकर वो यूं- यूं करते है ना, भस्म आरती में और फला ढिमका सोला पहनकर, में नंदी जी के पास बैठता था, एक बार भी अंदर नहीं घुसा हूं। पाखंडी लोगों से यही उम्मीद की जा सकती है, भगवान राम को बेच दिया पिछले चुनाव में, अब भगवान शंकर को बेचेंगे। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद महंत अवधेश पूरी महाराज ने सज्जन सिंह के बयान पर सवाल खड़े करते हुए पूछा है की पाखंड का शब्द उन्होंने किसके लिए किया है। उनको क्लियर करना चाहिए। अगर कांग्रेस अपने आप को भगवान शिव का भक्त बताती है, तो कांग्रेस को अपने घोषणा पत्र में बात लिखनी चाहिए कि महाकाल मंदिर में वीआईपी कल्चर को समाप्त किया जाएगा। मंदिर में निशुल्क दर्शन व्यवस्था लागू की जाएगी। मध्य प्रदेश में मठ मंदिरों के सरकारी करण को समाप्त किया जाएगा।

# सौर ऊर्जा को अपनाने वालों की संख्या बढ़कर हुई 8200

## सतत बढ़ रहा उत्साह, इंदौर शहर व आसपास सर्वाधिक 4875

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सूरज की किरणों से बिजली बनाने के प्रति इंदौर शहर के साथ ही मालवा में व्यापक उत्साह है। ताजा क्रम में सौर ऊर्जा के माध्यम से अपने घर , परिसर, कार्यालय, दुकान, माल की छत, मैदान आदि में पैनल्स लगाकर बिजली उत्पादित करने वालों की संख्या 8200 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा इंदौर शहर व 3-4 किमी की सीमा में 4875 स्थानों पर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादित की जा रही है। गर्मी में सूरज की किरणों की उपलब्धता 13 घंटे तक होने से बिजली उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा हो रहा है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि मई के दूसरे सप्ताह तक सौर ऊर्जा के माध्यम से अपने परिसर में पैनल्स लगाकर बिजली बनाने वालों की कुल संख्या 8200 तक पहुंच गई है। एक माह में करीब 300 बिजली उपभोक्ताओं ने इस ओर रूचि दिखाकर अपने यहां नेट मीटर सोलर पैनल्स लगाए है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर शहर, सुपर कॉरिडोर, बायपास आदि में कुल 4875 स्थानों पर सूरज की किरणों से बिजली उत्पादन हो रहा है। इसके बाद उज्जैन जिले में 1025 स्थानों पर, इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में 400 स्थानों पर, रतलाम जिले में 340 स्थानों पर, धार जिले में 310 स्थानों पर, खरगोन जिले में 275 स्थानों पर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन मौजूदा उपभोक्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इन सभी के बिजली बिल में व्यापक रूप से कमी देखने को मिल रही है।

### यहां करे संपर्क

ग्रीन एनर्जी, रूप टॉप सोलर एनर्जी के लिए इच्छुक कोई भी बिजली उपभोक्ता कंपनी के जोन, वितरण केंद्र या पोर्टल टढहे. उड.कठ पर संपर्क कर सकता है। समय समय पर शासन इस दिशा में रूचि रखने वालों को सब्सिडी भी उपलब्ध कराती है।

# बुजुर्गों को 16 जून से हवाई जहाज से कराई जाएगी नि:शुल्क तीर्थ यात्रा

● हवाई जहाज से नि:शुल्क तीर्थ यात्रा के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत इंदौर जिले के वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज से इंदौर से गंगासागर की तीर्थ यात्रा करायी जायेगी। तीर्थ यात्रा हेतु हवाई जहाज इंदौर से 16 जून 2023 को रवाना होगी। यात्रा में जाने की इच्छुक वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है, वे निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 है। तीर्थ यात्रियों के लिये आरक्षित सीटों की संख्या 32 है। तीर्थ यात्रा हेतु इंदौर के समस्त झोनल कार्यालय, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत इंदौर, सांवेर, महू, देपालपुर स्थित कार्यालयों से नि:शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। तीर्थ यात्रा पर जाने वाले व्यक्ति के लिये आवश्यक है कि वह मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये। 65 वर्ष से अधिक आयु होना चाहिये। आयकरदाता नहीं होना चाहिये। एक परिवार से एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा। पति-पत्नि दोनों या समूह में आवेदन की पात्रता नहीं रहेगी। इस योजना का लाभ पूर्व में नहीं किया गया हो। यात्रा हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी प्रकार की गंभीर रोग से ग्रसित न हो। यदि आवेदक द्वारा असत्य जानकारी देकर या तथ्यों को छिपाकर आवेदन किया जाता है तो उसे किसी भी समय योजना के लाभों से वंचित किया जा सकेगा।

# राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर महाराज के 53वें अवतरण दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन

## भजनों और गरबा की प्रस्तुति सहित अन्य आयोजन हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलक मंच तिलक नगर इकाई द्वारा आचार्य श्री पुलक सागर महाराज कर अवतरण दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन हुए। अध्यक्ष आशा होलास सोनी ने बताया कि प्रथम दिवस रक्त दान अन्न दान व विभिन्न मन्दिरो में गुरुवर की दीर्घ आयु के लिए पूजा विधान किया गया। महोत्सव के दूसरे दिन वृक्षोरोपण किया गया और महोत्सव के तीसरे दिन सविंद नगर कनाडिया मन्दिर पर श्रीमती मीना हेमचंद्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जाग्रति मंच श्री प्रदीप बड़जात्या राष्ट्रीय संयोजक पुलकमन्च के मुख्य अतिथि मै भक्तगणो द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई और गरबा भक्ती कर मनाया गया आचार्य श्री पुलक सागर जी गुरु देव के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मीना हेमचंद्र जैन, प्रदीप बड़जात्या आशा सोनी महावीर जैन शिरीष जैन,महेन्द्र निगोतिया,होलास राय सोनी अनामिका मनोज बाकलीवाल द्वारा किया गया।

भजनों की प्रस्तुति श्री मति अनामिका बाकलीवाल मालती जैन, सुनिती जैन, सलोनी पहाडीया द्वारा दी गई एवं महीला ओ दवारा गरबे के माध्यम से भक्ती की गई अतिथि स्वागत सपना जैन राधा जैन हिना सोनी अनिता जैन पूनम बड़जात्या द्वारा किया गया इस अवसर पर कुसुम पांड्या,दीपिका जैन रानी जैन हेमा लुहाडिया ,रूबी पहाड़ीया मोनीका पाटनी विनीता सोनी आरती कासलीवाल दीपा पांड्या अरविंद जैन प्रवीण जैन पवन मोदी अंजलि सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे अंत मे पुलक सागर महाराज की आरती कर के कार्यक्रम समापन किया गया अनामिका बाकलीवाल द्वारा संचालन व आभार सविता जैन द्वारा किया गया।

# विकलांगता प्रमाणपत्र के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

## जगह-जगह शिविर लगाकर बनाए जाएंगे विकलांगता प्रमाण पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 10 मई 2023 से 31 मई 2023 तक किया जा रहा है। इस अभियान में दिव्यांगों को विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके लिए जगह-जगह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र पात्र दिव्यांगों को परीक्षण उपरांत दिये जायेंगे। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में शिविर के आयोजन के लिए तारीखों का निर्धारण किया गया है। इसके अनुसार शिविर लगाए जा रहे हैं।**

इंदौर जिले में देपालपुर जनपद पंचायत में 13 मई शनिवार को, सांवेर जनपद पंचायत 15 मई सोमवार को, नगरीय क्षेत्र इंदौर बिलावली झोन में 16 मई मंगलवार को, नगरीय क्षेत्र इंदौर हवाबंगला झोन में 18 मई गुरूवार को, नगरीय क्षेत्र इंदौर ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआं में 19 मई शुक्रवार को, नगरीय क्षेत्र इंदौर नगर निगम झोन कार्यालय में 20 मई शनिवार को, नगरीय क्षेत्र इंदौर समाज कल्याण परिसर इंदौर में 22 मई सोमवार को तथा नगरीय क्षेत्र इंदौर साकेत नगर झोन में 23 मई मंगलवार को शिविर आयोजित होगा।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बताया है कि मुख्यालय पर मेडिकल बोर्ड सतत् रूप से 10 मई 2023 से 25 मई 2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस में संचालित होगा। यह मेडिकल बोर्ड हुकुमचन्द पॉली क्लीनिक गुजराती कॉलेज के सामने इंदौर में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक लगेगा। उक्त मेडिकल बोर्ड में एम.वाय.एच. से विषय विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर निःशक्तता प्रमाण पत्र बनायेंगे। मुख्यालय के अतिरिक्त निकायवार उपरोक्तानुसार तिथियों पर दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए जायेंगे। सिविल सर्जन दिव्यांगता वार विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित करेगें, टीम में यदि किसी दिव्यांगता से संबंधित दिव्यांग नहीं हैं, तो निजी चिकित्सालयों अथवा एम.वाय. एच. इंदौर से व्यवस्था करेगें। आयोजित शिविर में ऐसे दिव्यांग जिनके पास पूर्व का अस्थाई निःशक्तता प्रमाण बना हुआ है या किसी एक चिकित्सक के द्वारा जारी किया गया दिव्यांगत प्रमाण पत्र बना हुआ है उसका नवीनीकरण किया जायेगा अथवा नया बनाया जायेगा। ऐसे दिव्यांगजनों को ही शिविर में लाए, दिव्यांगजन अपने साथ समग्र आयडी, आधार पंजीयन, दो पासपोर्ट साइज फोटो, पूर्व के उपचार संबंधी पेपर साथ लेकर आयें।

# नाथ मंदिर पर आज चिन्मय विंचूरकर का सरोद वादन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत तथा गायन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हर माह प्रत्येक पहले या दूसरे शनिवार को शहर के कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस श्रृंखला में शनिवार 13 मई को सायं 7.30 बजे से आरती के बाद संगीत सभा में शहर के उभरते सरोद वादक चिन्मय विंचूरकर के सरोद वादन का आयोजन होगा। चिन्मय ने प्रख्यात सरोद वादक सचिन पटवर्धन से सरोद वादन सीखा है। उन्होंने इंदौर में स्वर बैठक, संगीत गुरूकुल, कार्तिक कला अकादमी जैसे अनेक मंचों से अपने सरोद वादन की प्रस्तुतियां दी हैं। उस्ताद अमजद अली खां साहब के सामने भी उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल चुका है। नाथ मंदिर संस्थान के साचिव संजय नामजोशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चिन्मय के सरोद वादन में संगत देंगे मृणाल नागर।

# 10 दिन तक मनाया जाएगा बिहारी फूड फेस्टिवल

**इंदौर।** द पार्क इंदौर के रेस्टोरेंट एपिसेंटर में शुक्रवार 12 मई से लेकर 21 मई तक विशेष - कूजीन्स ऑफ बिहार फूड फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। इस 10 दिवसीय फूड फेस्टिवल में बिहार के कई विशेष व्यंजन परोसे जाएंगे। फूड फेस्टिवल के बारे में द पार्क इंदौर के जनरल मैनेजर देबजीत बनर्जी ने बताया जब भी हम बिहारी खाने की बात करते हैं तो लोगों को अक्सर सिर्फ लिट्टी चोखा के बारे में ही पता होता है। लेकिन हम इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से बिहार की कई ऐसी अनूठी और नायाब डिशेस लोगों तक लाना चाहते हैं, जिनमें बिहार की खुशबू है।

# खाद्य तेल की खुली बिक्री शुरू की जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खनिज निगम के पूर्व उपाध्यक्ष श्री गोविन्द मालू नें प्रधानमंत्री और, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि तेल को पैकिंग एक्ट से छूट देकर खुले में तेल की बिक्री की जाए। यह कानून यूपीए सरकार के समय बनाया गया था, अब जब तेल का थोक मूल्य 40% से भी कम हो गया है, तो उपभोक्ता तक यह राहत कम्पनियों के एमआरपी. और कम वजन के कारण नहीं मिल पा रही है। कंपनियां पेकिंग में तापमान का बहाना लेकर 910 ग्राम की जगह 750 से 840 ग्राम ही भरते हैं। दूसरी ओर व्यापारियों नें गांव-गांव में पैकिंग मशीन लगा रखी है, जो मिलावट वाला तेल, कम वजन का पैकिंग में बेचते हैं। केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आयात शुल्क में भी छूट दे दी, इसे भाजपा सरकार ने 30 जून तक बढ़ा भी दिया है। लेकिन, पैकिंग में कम्पनियों ने उतने दाम कम नहीं किए। केंद्र सरकार मिलावट, कम वजन एवं मुनाफाखोरी की जांच के लिए आंतरिक मंत्रालय समिति केंद्रीय जांच दल भी भेजे।

# व्यापारी एवं हम्मालों को लाइसेंस देने के लिए विशेष शिविर

इंदौर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा इंदौर जिले की मंडियों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में मंडी अधिनियम के अंतर्गत तुलावटी, हम्माल, व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ता/विनिमार्ता और फल-सब्जी व्यापारियों को लाइसेंस बनाकर दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक लक्ष्मीबाई नगर मंडी में शिविर लगाए गए हैं। आज इंदौर की संयोगितागंज स्थित मंडी में भी शिविर लगाया गया। शिविर लगाए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी तरह आज कृषि विभाग द्वारा भी मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत सांवेर में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में किसानों को अभियान के अंतर्गत चिन्हित सेवाओं की जानकारी दी गयी। उनसे आग्रह किया गया कि वे इन सेवाओं का लाभ लें।

# हज यात्रियों का टीकाकरण 15 से और ट्रेनिंग कैम्प 16 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र हज कमेटी और जिला हज कमेटी द्वारा इंदौर जिले के हज यात्रियों के टीकाकरण के साथ ही हज के अरकान व यात्रा संबंधी ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख ने बताया हज यात्रियों का टीकाकरण 15 मई से प्रतिदिन महारानी रोड़ स्थित गुजराती स्कूल के सामने हुकुमचंद पॉली क्लिनिक (लाल अस्पताल) पर दोपहर 2 से 4 बजे तक होगा। जिसमें सरकारी कोटे के हजयात्रियों को टीके लगाए जाएंगे व मेडिकल चेकअप भी किया जाएगा। इसी तरह हाजियों को प्रतिवर्ष हज यात्रा से पूर्व इस्लाम के विद्वानों द्वारा हज के सफर की जानकारी व ट्रेनिंग भी दी जाती है। हज कमेटी द्वारा इस बार हज ट्रेनिंग कैम्प 16 मई मंगलवार को मोहम्मदी बिल्डिंग बड़वाली चौकी पर सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा। इस अवसर पर हाजियों द्वारा मुल्क में अमन शांति की दुआएं भी मांगी जाएंगी।

# अभ्यास मंडल की 62 वी व्याख्यानमाला का आयोजन आज से

**इंदौर**। सामाजिक संस्था अभ्यास मंडल की 62 वी ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला का शुभारंभ आज शनिवार से होने जा रहा है । इस व्याख्यानमाला के दौरान 1 सप्ताह तक देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ आकर ज्वलंत मुद्दों पर बात करेंगे । अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता सचिव नेताजी मोहिते ने बताया कि अभ्यास मंडल के द्वारा पिछले 61 सालों से लगातार ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है । इस व्याख्यानमाला में हमेशा ही देश के हर क्षेत्र के विशेषज्ञों को जानकारी देने के लिए बुलाया जाता है । यह वर्ष व्याख्यानमाला का 62 वां वर्ष है । इस वर्ष की व्याख्यानमाला कल 13 मई से शुरू होने जा रही हैं । इस बार व्याख्यानमाला के आयोजन को वरिष्ठ पत्रकार डॉ वेद प्रताप वैदिक, अभय छजलानी और कामरेड बसंत शिंत्रे को समर्पित किया गया है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# प्रेमिका की बीच बाजार गोली मारकर हत्या

## पकड़े जाने के डर से खुद की कनपटी पर किया फायर, दोनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। मुरैना में बीच बाजार एक युवक ने प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने के बाद वह भागने लगा, लेकिन पकड़े जाने के डर से खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौत हो गई। गोली चलने से वहां भगदड़ मच गई। घटना मुरैना के जौरा कस्बे में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे की है।**

जौरा के थाना प्रभारी ओपी रावत ने बताया कि जौरा का रहने वाला विजय प्रजापति (18) वहीं रहने वाली युवती सोनिया पटवा को चाहता था। युवती माला पिरोने का काम करती थी। 11.30 बजे विजय हनुमान चौराहे पर आया। यहां से अंदर बाजार में मौजूद मंदिर में वह सोनिया से बातचीत करने लगा। देखते ही देखते दोनों में झगड़ा होने लगा। उसने करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की।

### भीड़ ज्यादा होने के कारण भाग नहीं सका

उसने कमर से कट्टा निकालकर उसे गोली मार दी। गोली एक फीट दूर से मारी गई। गोली लगते ही सोनिया जमीन पर गिर गई। गोली मारने के बाद वह लगभग 90 फीट तक भागा। लेकिन बाजार में भीड़ होने के कारण वह ज्यादा दूर जा नहीं सका। अपने बचने का कोई चारा न देखते हुए उसने खुद की कनपटी पर कटटा रखकर गोली मार दी। युवक के सिर से खून का फव्वारा फूट पड़ा। वह जमीन पर गिर पड़ा।

### गोली की आवाज सुनकर मची भगदड़

बीच बाजार में गोलियों की आवाज सुनकर लोग सकते में आ गए और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। देखते ही देखते दुकानों के शटर नीचे गिरने लगे। जौरा थाना प्रभारी ओपी रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जौरा भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम संबंध का है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बवंडर में कागज की तरह उड़ा शादी का टेंट

## जान बचाने इधर-उधर भागे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन**। खरगोन में एक शादी समारोह में इतनी तेज हवा चली कि 45 बाय 45 का टेंट सीलिंग पाइप के साथ कागज की तरह उड़ गया। टेंट बवंडर के साथ करीब 200 फीट ऊंचाई तक पहुंच गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। बवंडर का असर कम होने पर वह बिजली लाइन में आकर अटक गया। तेज आवाज के साथ पूरे क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। घटना झिरन्या क्षेत्र में कुसुंबिया गांव में गुरुवार की है। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया। यहां तेरसिंह सुमाल की बेटी ज्योति का विवाह पिछोड़िया के रहने वाले राकेश से हो रहा था। शादी समारोह के लिए खेत में टेंट लगाया गया था। पास ही एक अन्य टेंट में विवाह की रस्में अदा की जा रही थी। दूसरे टेंट में मेहमाना खाना खा रहे थे। मामला जिले के झिरन्या क्षेत्र में कुसुंबिया गांव का है। जहां गुरुवार को तेरसिंह सुमाल की बेटी ज्योति का विवाह पिछोड़िया के राकेश से हो रहा था। शादी समारोह के लिए टेंट खेत में लगाया गया था। खेत में ही लगे एक अन्य शामियाने में विवाह की रस्में अदा की जा रही थीं। दूसरे टेंट में मेहमान खाना खा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2.30 बजे तेज हवा चलने लगी। अचानक बवंडर उठा और टेंट को ले उड़ा। शुक्रवार को इसका वीडियो सामने आया।

### भोजन व्यवस्था बिगड़ी, मेहमानों ने दाल-चावल खाए

बवंडर ने विवाह की सभी व्यवस्थाएं बिगाड़ दी। खाना भी पूरी तरह खराब हो गया था। दुल्हन के भाई प्रकाश और दिनेश ने बताया कि बवंडर के शांत होने के बाद घर से दाल-चावल बुलवाए गए। बाजार से बूंदी लेकर आए। वहीं पकाकर मेहमानों को परोसे गए। ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्थाएं संभालीं। रमेश पटेल ने कहा, ग़नीमत रही कि बवंडर गांव की ओर नहीं गया, वरना कच्चे और टीन शेड से बने घरों को नुकसान हो जाता।

# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में और मजबूत की अपनी टीम

## दिल्ली में 5 अतिरिक्त महाधिवक्ता और 4 उपमहाधिवक्ताओं की विधि विभाग ने की नियुक्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश सरकार के कई केस सुप्रीम कोर्ट में चल रहें है कुछ में जल्द ही निर्णय होने वाला है लिहाजा इसको देखते हुए सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से कवायद की जा रहीं है कि पैरवी और मजबूत की जाए, जिसके कारण सरकार ने नई दिल्ली में 5 अतिरिक्त महाधिवक्ता और 4 उपमहाधिवक्ताओं की नियुक्ति की है। माना जा रहा है नए अधिवक्ताओं के आ जाने से राज्य सरकार की पैरवी और मजबूत होगी।

मध्यप्रदेश सरकार के विधि विभाग ने दिल्ली के अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय में नियुक्ति आदेश जारी कर सभी 9 अधिवक्ताओं को सरकार की तरफ ने नई जिम्मेदारी सौंपी। अब जल्द ही यह वकील मध्यप्रदेश सरकार से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करेंगे।

मध्यप्रदेश सरकार के विधि विभाग ने धीरेंद्र सिंह परमार, सौरभ मिश्रा, जयदीप राय, अंकिता चौधरी, नचिकेता जोशी को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया है, जबकि वी पट्टाभीराम, वीर विक्रांत सिंह, अनुराधा मिश्रा, हरमीत सिंह रूपराह महाधिवक्ता बनाए गए हैं।

# जबलपुर में द बर्निंग कार

- घरेलू सिलेंडर से वैन में भरी जा रही गैस, अचानक भड़की आग से जल गई वैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। चरगंवा थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर एक गाड़ी में अवैध गैस रिफलिंग का काम चल रहा था कि अचानक ही वैन में आग लग गई। वैन में आग लगते ही हड़कंप मच गया लोग यहां-वहां भागने लगे, डर था कि गैस रिफलिंग के दौरान भड़की आग वहां रखें सिलेंडर तक ना पहुंच जाए। अच्छी बात यह है कि जैसे ही वैन में आग लगी तो स्थानीय लोगों ने सूझबूझ से वैन में लगी आग को बुझा लिया। इधर घंटों बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अवैध गैस रिफलिंग करने वाले पर किसी तरह की कार्रवाई नही की। जलती वैन का वीडियो भी अब सामने आया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की शाम को चरगंवा थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर एक वैन में अवैध गैस रिफलिंग का काम चल रहा था कि अचानक ही उसमें आग भड़क गई। कार में आग लगते ही सबसे पहले गैस सिलेंडर को हटाया और फिर आग बुझाना शुरू कर दिया। वैन में आग लगने का वीडियो भी अब सोशल मीडिया में वायरल हों रहा है।

## लव जिहाद का मामला : आरोपी गिरफ्तार

# धर्म छुपाकर किया था शारीरिक शोषण, धर्म बदलने का बनाया था दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर की कंपू थाना पुलिस ने बहुचर्चित लव जिहाद के मामले में केस दर्ज होने के बाद 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अरोपी मूल रूप से भिंड के मौ कस्बे का रहने वाला है, लेकिन वह फिलहाल चंद्रबदनी नाका इलाके के गड्ढे वाला मोहल्ला में रहता था। कंपू पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार, धमकाने मारपीट करने और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 5 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुट गई है।

यह लव जिहाद के मामले का घटना स्थल बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के टंकी वाले हनुमान मंदिर के पास का है। इसलिए इस मामले को कंपू पुलिस ने जीरो पर कायमी करने के बाद केस डायरी विवेचना के लिए थाना बहोडापुर को भेज दिया है। लगभग दो साल से आरोपी युवक अपना धर्म बदल कर युवती के संपर्क में आया था और शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार कर रहा था। युवती के सामने जब युवक की करतूत उजागर हुई तो उसने युवक से संपर्क तोड़ लिए। उसके बाद युवक उसके साथ मारपीट करने लगा और उसके मोबाइल और पैसे भी छीन लिए। जिसका एक वीडियो भी सामने आया था। जब युवती को पैसों के लिए युवक ने देह व्यापार में धकेलने की कोशिश की और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया तो युवती हिंदू संगठनों के लोगों के पास पहुंची और पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया। इस सनसनीखेज मामले के खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# पानी की तलाश में कुएं में गिरा हिरण

- 3 दोस्तों ने मानवता दिखाई, कुएं में उतरकर रस्सी से बाहर निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। जिले के कोलारस वन क्षेत्र के भटौआ गांव के पास एक सूखे कुएं में गिरे एक हिरण की जान आज तीन दोस्तों ने बचा ली। कुएं से हिरण का रेस्क्यू करने के बाद उसे वनकर्मियों को सौंप दिया गया।**

जानकारी के अनुसार भटौआ गांव के रहने वाले वीरेंद्र रावत, प्रकाश रावत, ज्योतिष रावत दोपहर गांव के बाहर चिंतामणि रावत के खेत से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान तीनों दोस्तों ने कुएं में पानी की स्थिति को देखना चाहा, जब तीनों दोस्तों ने कुएं में झांककर देखा तो एक हिरण कुएं में छटपटा रहा था। संभवत हिरण रात के अंधेरे में पानी की तलाश में कुएं में जा गिरा होगा।

तीनों दोस्तों ने तत्काल हिरण को कुएं से बाहर निकालने का रेस्क्यू शुरू किया। तत्काल गांव से वीरेंद्र रावत रस्सी लेकर कुएं पर पहुंचा, जहां विकास रावत को रस्सी के जरिए कुएं में उतारा गया। विकास ने हिरण को रस्सी से बांधा। वीरेंद्र और ज्योतिष ने हिरण को कुएं से रस्सी के जरिए बाहर खींच लिया, इसके बाद विकास रावत को भी कुएं से बाहर निकाल लिया गया। हिरण कुएं में गिरने से घायल हो चुका था। तत्काल इसकी सूचना कोलारस रेंजर कृतिका शुक्ला को दी गई।

# महिला की हत्या कर लाश को पलंग पेटी में छुपाया

## पति ने हत्या के बाद पिता को फोन पर कहा,आपकी बहू को मैंने मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। जिले के नरवर थानान्तर्गत पालखंदा में महिला की रक्त रंजीत लाश घर की पलंग पेटी में मिली। महिला की हत्या उसके पति ने एक दिन पहले रात में की और उसे छुपाकर पलंग पेटी में रख दिया था। जब महिला घर में नहीं दिखी तो आरोपी पति ने ही पिता को कहा कि मैंने आपकी बहू को मार दिया है ढूंढ सको तो ढूंढ लो। जिसके बाद महिला की लाश 24 घंटे बाद घर की पलंग पेटी में से निकाली गई। आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में लिया है।**

उल्लेखनीय है कि पालखंदा में रहने वाला विजय परमार दर्जी का काम करता है। उसका पत्नी दीपा से पिछले कई वर्षो से विवाद चल रहा था। एक वर्ष पहले दोनों के बीच राजीनामा हो गया था। दीपा के भाई हेमंत चौहान ने आरोप लगाया कि विजय परमार के दो महिलाओं से अवैध संबंध थे। दो दिन पहले पति-पत्नी में विवाद होने के बाद विजय ने फोन पर कहा था कि अपनी बहन को ले जाओ। जिसके बाद शुक्रवार को सुबह पुलिस ने बहन दीपा की हत्या की सूचना दी। घर के अंदर बंद पेटी में महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में दीपा की लाश पुलिस को उसके घर में रखी पलंग पेटी में से बरामद की है। उसकी धारधार हथियारों से हत्या की गई। थाना नरवर पुलिस टीम व एफएसएल के अधिकारियों ने जांच प्रारंभ कर मृतक महिला की लाश को पीएम के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# हत्याकांड का आरोपी पुलिस से बचने के लिए ओवरब्रिज से कूदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। फ्रीगंज में हुए राजू द्रोणावत हत्याकांड का मुख्य आरोपित पुलिस गिरफ्त में आ गया है। पुलिस से बचने के प्रयास में वह विक्रम नगर ओवरब्रिज से कूदकर घायल हो गया। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती करवाया गया है। गुरुवार को ही पुलिस हत्याकांड के छह आरोपितों को जेल भेज चुकी है। मामले में पुलिस अब केवल एक आरोपित की तलाश में जुटी है।**

बता दें कि चार अप्रैल को राजू द्रोणावत फ्रीगंज में एक चाय की दुकान के सामने खड़ा था। बाइक पर आए जीतू गुर्जर निवासी हरि नगर तथा धर्मेंद्र सिसोदिया ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि जीतू विक्रम नगर में देखा गया है। इस पर पुलिस जीतू की तलाश में विक्रम नगर पहुंची थी। जहां वह पुलिस से बचने के लिए वह ओवरब्रिज से नीचे कूद गया। इससे उसके दोनों पैरों में चोट लगी है। उपचार के लिए उसे पुलिस तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। जीतू को जेल वार्ड में भर्ती कर पुलिस सुरक्षा में उपचार दिया जा रहा है।

# संपादकीय

## जिम्मेदार किसकी

केरल में मलप्पुरम जिले के तानुर इलाके में एक नाव डूबने से पंद्रह बच्चों सहित बाईस लोगों की जान चली गई। जाहिर है, इसे भी उन हादसों की कड़ी के तौर पर ही देखा जाएगा, जिन्हें किसी चूक का नतीजा माना जाता है। सच यह है कि इस तरह की ज्यादातर त्रासदी से बचा जा सकता है, अगर नियम-कायदों का थोड़ा ध्यान रखा जाए और लोगों की जान की कीमत को समझा जाए। लेकिन न तो वैसे लोगों को यह जरूरी लगता है जो महज कमाई के लिए नियमों और सावधानी के तकाजों को ताक पर रख देते हैं, न ही सरकार के संबंधित महकमों की प्राथमिकता में यह सुनिश्चित कराना होता है। इस लिहाज से देखें तो केरल उच्च न्यायालय ने इस मसले पर एक तरह से बिल्कुल ठीक टिप्पणी की है कि मलप्पुरम की नाव दुर्घटना निष्ठुरता, लालच और अधिकारियों की उदासीनता का घातक परिणाम है। कायदे से देखें तो ज्यादातर ऐसी घटनाओं की जड़ में इसी तरह की वजहें छिपी होती हैं। दरअसल, मलप्पुरम में जो नाव डूब गया, वह किसी अप्रत्याशित या अचानक हुए उथल-पुथल का परिणाम नहीं था, बल्कि उसमें बहुस्तरीय लापरवाही बरती गई थी। खबर के मुताबिक, जिस जगह पर यह दुर्घटना हुई, वहां आम सवारियों के लिए शाम छह बजे तक ही नाव चलाने की इजाजत है। लेकिन वहां एक घंटे बाद यानी शाम सात बजे और क्षमता के मुताबिक निर्धारित संख्या से लगभग दोगुना ज्यादा लोगों को नाव में सवार कर पार कराया जा रहा था। सवाल है कि जो नियम-कायदे तय किए गए हैं, उन पर अमल सुनिश्चित कराना किसकी जिम्मेदारी थी और नियमों को धता बताने की हिम्मत किसी नाव के संचालक में कैसे आई! क्या इस स्थिति के लिए भ्रष्टाचार भी एक बड़ा कारण है? पुलिस ने हादसे के शिकार हुए नाव के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन कानून के पालन को लेकर ऐसी सक्रियता नियमित तौर पर क्यों नहीं दिखती है, ताकि ऐसे हादसे की नौबत ही नहीं आए?

# तेनाली राम और जादूगर



**एक बार की बात है राजा कृष्णदेव राय के महल में एक जादूगर आया और तरह-तरह के जादू दिखाकर सबका मनोरंजन करने लगा। दरबार में मौजूद हर व्यक्ति उसके जादू को देखकर खुश हो गया।**

उस जादूगर को अपने जादुई करतब पर बहुत घमंड था। उसने जादू दिखाने के बाद वहां बैठे लोगों को चुनौती दी कि क्या किसी में इतना दम है कि उसे कोई जादू में हरा सके? वहां बैठा हर व्यक्ति चुपचाप एक-दूसरे को सिर्फ देखता रहा। कोई भी उस जादूगर की चुनौती स्वीकार करने आगे नहीं आया। दरबार में बैठा तेनालीराम भी इन सभी चीजों को देख रहा था। जब कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया, तब तेनाली राम ने उठकर जादूगर की चुनौती को स्वीकार किया।

तेनाली राम ने जादूगर को कहा, 'जो चीज मैं बंद आंखों से कर सकता हूं, क्या तुम वो खुली आंखों से कर सकोगे?' घमंडी जादूगर हंसते हुए कहा, 'इसमें कौन-सी बड़ी बात है, मैं निश्चित खुली आंखों से कर सकता हूं।'

जादूगर की बात सुनने के बाद तेनाली राम द्वारपाल के पास गया और उसके कानों में कुछ कहा। तेनाली की बात सुनकर द्वारपाल बाहर गया और अपने साथ मुट्ठीभर लाल मिर्च का पाउडर ले आया। फिर तेनाली ने अपनी आंखें बंद की और अपने आंखों पर मिर्च का पाउडर डालने लगा। मिर्च डालते वक्त तेनाली मंद-मंद मुस्कुराता भी रहा। फिर थोड़ी देर बाद तेनाली ने अपनी बंद आंखों को धोया और आंखें खोलने के बाद जादूगर की तरफ देखकर बोला, 'अब आपको यह खुली आंखों से करना है।'

जादूगर ने अपनी हार मान ली और वो वहां से सिर झुकाकर चला गया। महाराज समेत दरबार में बैठा हर व्यक्ति तेनाली से खुश हो गया। महाराज ने खुश होकर तेनाली को कई उपहार भी भेंट में दिए।

### कहानी से सीख

कभी भी अपने प्रतिभा पर घमंड नहीं करना चाहिए। व्यक्ति का अहंकार हमेशा उसे हराता है।

Highlights

1. Assured Placement with DevOps & Cloud Engineering program: Hero Vired
2. Trends show Congress crossing majority mark in Karnataka
3. Was told not to wear jeans, tight tops during my ITC internship: Vineeta Singh
4. 5.5 kg heroin hidden inside sticks of Afghan brooms seized at Attari border
5. Jobs of 36,000 teachers cancelled by Calcutta High Court

# Retail inflation at 18-month low of 4.7%

**NEW DEIHI, (Agency).** India's retail inflation slid to an 18-month low of 4.7% in April, compared to 5.66% in March, official data on Friday showed, bringing relief to consumers and the government alike.

Retail inflation: Within the food basket, vegetable prices declined 6.5%, compared to a fall of 8.51% in the previous month. (PTI File Photo)

Retail inflation: Within the food basket, vegetable prices declined 6.5%, compared to a fall of 8.51% in the previous month. (PTI File Photo)

The headline Consumer Price Index has come within the 6% limit set by the Reserve Bank of India for the second straight month. The central bank's targeted inflation rate is 4(+/-2)%.

A large part of the decline in household prices was led by declining food prices, the data showed. Food and beverages inflation stood at 4.22% in April against 5.11% in the previous month.

Cooling consumer prices will give the Reserve Bank of



India more room to go slow on rate hikes.To control prices, the Reserve Bank of India raised its key lending rate by 250 basis points since the beginning of the cycle in May 2022.

On April 6, the central bank left the repo rate unchanged at 6.50% at its first monetary policy committee (MPC) in the current financial year, surprising most analysts and decoupling from hikes by the US Fed. Governor Shaktikanta Das, however, had underlined that the war against inflation wasn't over.

Within the food basket, inflation in meat and fish fell 1.23% against a slide of 1.42% last month. Inflation in milk and milk products was 8.85% compared with a 9.31% climb in the previous month. Vegetable prices declined 6.5%, compared to a fall of 8.51% in the previous month, according to the data.

However, cereals continued to see high inflation, rising 13.67% in April compared to a 15.27% growth in March.

Central banks typically raise the repo rate – the interest rate at which commercial banks borrow money by selling their securities to the Reserve Bank – to shrink money supply in the economy to bring prices under control.

# Retail inflation falls to 18-month low in April at 4.7%

**NEW DEIHI, (Agency).** Retail inflation fell to an 18-month low of 4.7 per cent in April mainly due to cooling food prices, government data showed on Friday.

It was for the second month in a row that Consumer Price Index (CPI) based inflation remained within the RBI's comfort zone of below 6 per cent.

The retail inflation based on Consumer



Price Index (CPI) was 5.66 per cent in March 2023 and 7.79 per cent in the year-ago period. Retail inflation in April is the lowest since October 2021 when it was at 4.48 per cent.

According to the National Statistical Office, the inflation in the food basket was 3.84 per cent in April, as against 4.79 per cent in March and 8.31 per cent in the year-ago period.

Retail inflation rose from 5.7 per cent in December 2022 to 6.4 per cent in February 2023 on the back of higher prices of cereals, milk and fruits and slower deflation in vegetable prices.

Reserve Bank of India has projected the CPI inflation at 5.2 per cent for FY2023-24, with 5.1 per cent in Q1, 5.4 per cent in Q2, 5.4 per cent in Q3, and 5.2 per cent in Q4, and risks evenly balanced.

## New Delhi

# दिल्ली पुलिस ने किया मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश चोरी के 41 फोन बरामद; नेपाल से निकला कनेक्शन




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** शाहदरा जिला पुलिस ने दिल्ली से मोबाइल की झपटमारी करने के बाद उसे नेपाल में बेचने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 41 मोबाइल फोन और दो सोने की चेन बरामद की हैं। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बदमाशों की पहचान पूर्वी गोकलपुरी निवासी विशाल, उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी सागर, वेलकम निवासी मुज्मील काजमी और रोहतास नगर निवासी शुभम के रूप में हुई है। पुलिस को 27 अप्रैल को विवेक विहार में ईएसआई अस्पताल के पास झपटमारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता सुनील जैन ने बताया कि वह गाजियाबाद के रामपुरी में रहते हैं और अपनी मां के साथ विवेक विहार के गोल्डन बैंक्वेट हॉल में आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। लौटने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मां के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस मामले की छानबीन शुरू की।

इसी दौरान विवेक विहार और आनंद विहार में दो और वारदातों की सूचना मिली। जिले के स्पेशल स्टॉफ टीम ने मामले की जांच की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लेकर करीब 12 किलोमीटर तक लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। इस दौरान पुलिस ने विशाल की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## Bihar

# बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री पहुंचे पटना, इस होटल में करेंगे विश्राम; भक्तों ने जय श्रीराम के साथ बरसाया फूल



**पटना, (एजेंसी)** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री पटना पहुंच गए हैं। इंडिगो विमान से बागेश्वर बाबा पटना एयरपोर्ट पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी भी साथ हैं। सुबह से ही आयोजक और बाबा के समर्थक पटना एयरपोर्ट पर तैयार तैनात रहे। एयरपोर्ट पर ऐसा दृश्य बना रहा मानो कोई बहुत बड़ी हस्ती का आगमन होने वाला हो। बाबा के आगमन को लेकर पटना में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। आतंकी या उग्रवादी तत्वों द्वारा विस्फोट की आशंका जताई गई है। इसके मद्देनजर 135 मजिस्ट्रेट के 600 से ज्यादा सुरक्षाबलों की पलटन लगा दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने एसओपी जारी कर बिहार पुलिस महकमे को अलग कर दिया है।

बागेश्वर सरकार को पटना एयरपोर्ट पर अगवानी के बाद होटल पनाश ले जाया गया है। उनके ठहरने के लिए 5 दिनों तक होटल में कमरा बुक किया गया है। दिन में यही बाबा आराम करेंगे और शाम 4 बजे कथा वाचन के लिए नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ जाएंगे। इसके लिए बाबा धीरेंद्र शास्त्री प्रतिदिन 3:00 बजे नौबतपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

पिछले दिनों हुए विरोध और राजनीति को देखते हुए बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम स्थल पर थ्री लेयर सुरक्षा घेरा का इंतजाम किया गया है। किसी भी व्यक्ति को प्रवचन पंडाल में पहुंचने के लिए तीन स्थानों पर सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा। प्रवचन मंच के आगे विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षाबलों की टीम को तैनात किया गया है। इस बीच प्रशासन की ओर से आतंकी या उग्रवादी तत्वों द्वारा विस्फोट की आशंका के मद्देनजर पत्र जारी कर अलर्ट कर दिया गया है।

## Jharkhand

# रांची में हॉस्टल में घुसकर छात्रा की हत्या, गोली मारकर भाग निकला युवक

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड की राजधानी रांची में सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया गया। अज्ञात अपराधियों ने 20 वर्षीय छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान निवेदिता नयन के रूप में हुई है। निवेदिता, बिहार के नवादा जिले की रहने वाली थी और रांची में आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी से बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक निवेदिता को अरगोड़ा चौक के पटेल पार्क के सामने गली में युवक ने गोली मार दी। घटना में सृष्टि नाम की एक अन्य छात्रा भी जख्मी है जिसका इलाज किया जा रहा है। निवेदिता हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक हॉस्टल में रहती थी। बताया जाता है कि निवेदिता को गोली मारने के बाद बाइक सवार अपराधी भाग निकले। निवेदिता को रिम्स ले जाया गया लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी शुभांशु जैन, हटिया डीएसपी राजा कुमार मिश्रा और अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे।

## Rajsthan

# एक और कोचिंग स्टूडेंट ने इमारत से कूदकर दी जान

**कोटा, (एजेंसी)** शिक्षानगरी कोटा में कोचिंग छात्रों की जान देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रशासन की तमाम गाइडलाइंस भी छात्रों की आत्महत्या के मामलों को नहीं रोक पा रही है। शहर के विज्ञान नगर में एक और कोचिंग छात्र ने बिल्डिंग के 10वें माले से कूदकर जान दे दी। मृतक कोचिंग छात्र नासिर बेंगलुरू का निवासी था। नासिर 7 मई को नीट की परिक्षा देकर कोटा वापस लौटा था। नासिर के मित्रों का कहना है कि उसका नीट का पेपर सही नहीं गया था। इस बात को लेकर वह काफी परेशान था। बताया जाता है कि घटना के कुछ देर पहले नासिर अपने दोस्तों के साथ था लेकिन जैसे ही उसके मित्र गए उसने इमारत से कूदकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छात्र के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। जांच टीम मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि जिस इमारत से छात्र ने कूदकर जान दी।

## खेल

# राशिद खान की तूफानी पारी गई बेकार, मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 27 रन से हराया



**नई दिल्ली, (एजेंसी) मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2023 के 57वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 27 रन से हरा दिया है। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 103 रन की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में खराब शुरुआत से गुजरात टाइटंस की टीम उबर नहीं सकी और राशिद के तूफानी अर्धशतक के बावजूद गुजरात की टीम 20 ओवर में 191 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने तीन, चावला और कार्तिकेय ने 2-2 विकेट लिए।**

219 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की शुरुआत खराब रही। पावरप्ले में ही टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। साहा (2), शुभमन गिल (6) और कप्तान हार्दिक पांड्या 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विजय शंकर ने 14 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके लगाए। अभिनव मनोहर दो रन ही बना सके। इसके बाद डेविड मिलर ने दमदार बल्लेबाजी की और 26 गेंद में 41 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इस बीच राशिद खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। राशिद खान ने अल्जारी जोसेफ के साथ मिलकर नौवें विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। राशिद खान 32 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद लौटे। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 10 छक्के लगाए।

मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार के दमदार शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए हैं। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ 103 रन बनाए। गुजरात टाइटंस के लिए राशिद खान ने 4 विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम को रोहित शर्मा और ईशान किशन ने शानदार शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में टीम ने कोई विकेट नहीं गवाया और 6 ओवर में 61 रन बनाए। 7वें ओवर में राशिद खान ने दोनों ओपनर्स को पवेलियन भेज दिया। रोहित 29 और ईशान 31 रन बनाकर आउट हुए। नेहाल वढेरा 7 गेंद में 15 रन बना सके। विनोदा ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। उन्होंने सूर्यकुमार के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी भी की। इस बीच सूर्यकुमार ने 32 गेंद में फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर अपना शतक भी पूरा किया। सूर्यकुमार यादव ने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर अपना शतक पूरा किया। सूर्यकुमार 49 गेंद में 103 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 6 छक्के लगाए।

## सिनेमा

# भरी पिस्तौल संग खेलते नजर आए अब्दु रोजिक, वीडियो हुआ वायरल तो मुंबई पुलिस ने दर्ज की शिकायत?



बिग बॉस में नजर आ चुके सिंगर अब्दु रोजिक की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। छोटे कद के अब्दु रोजिक अपनी क्यूटनेस से सभी का दिल जीत लेते हैं और फैन्स उन पर खूब प्यार लुटाते हैं। इस बीच अब्दु रोजिक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस में वो भरी हुई पिस्तौल के साथ नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुंबई पुलिस ने इस केस में शिकायत भी दर्ज की है।

दरअसल सोशल मीडिया पर अब्दु रोजिक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अब्दु के हाथ में पिस्तौल नजर आ रही है, जिसे लोडिड कहा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब्दु का ये वीडियो उनके रेस्टोरेंट Burgiir का है और अब्दु को ये बंदूक द गोल्डन ब्रदर्स (सनी वाघचौरे) के बॉडीगार्ड्स ने दी। अब्दु इस भरी हुई पिस्तौल के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। अब्दु का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और बॉलीवुड लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है।

सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ रेस्टोरेंट का मैनेजर

# तीन दिन चले उपचार के बाद तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। छोटी ग्वालटोली इलाके में एक रेस्टोरेंट के मैनेजर को बाइक से जाते समय एक रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहां तीन दिन तक हालत में सुधार नहीं होने के बाद परिजनों ने अस्पताल बदल दिया। जहां देर रात मैनेजर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में रिक्शा जब्त किया है।**

छोटी ग्वालटोली थाने के एएसआई स्वरूपसिंह चंदेल के मुताबिक पलक उर्फ पुरू चौहान (22) निवासी नसिया रोड़ को कमला नेहरू पार्क के यहां 8 मई की रात लापरवाही पूर्वक आ रहे रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में पलक को एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां से परिवार के लोग उसे मेडीकेअर अस्पताल भंवरकुआं ले गए थे। तीन दिनों तक यहां उसका उपचार चलता रहा। लेकिन हालत में सुधार नहीं होने के चलते परिवार के लोग उसे सुयश अस्पताल लेकर आए। यहां देर रात पलक ने दम तोड़ दिया।

मृतक पुरू कांग्रेस नेता सोनू यादव का रिश्तेदार है। यादव की छोटी ग्वालटोली इलाके में सरवटे बस स्टैंड के सामने रेस्टोरेंट है। पलक ही यह रेस्टोरेंट संभालता था। परिवार के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पलक के सिर में गंभीर चोट आई थी। लेकिन मेडीस्क्वेयर में उसकी नाक की हड्डी फ्रैक्चर होने का कहकर उपचार करते रहे। बाद में रिपोर्ट अन्य डॉक्टरों को दिखाई गई। उन्होंने सिर में ब्लड के क्लॉट जमने की बात कही थी। जिससे उसकी हालत बिगती गई और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# आरटीओ ने निजी कालेजों में लगाया कैंप

● छात्र-छात्राओं ने दिया लर्निंग लायसेंस का टेस्ट,हाथों हाथ लायसेंस किए गए वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण में शहर के दो निजी कालेजों में कैंप लगाकर छात्र छात्राओं को लर्निंग लायसेंस वितरित किए गए। करीब छात्र छात्राएं आनलाइन टेस्ट में स मिलत हुए और पास होने पर इन्हें एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने हाथों हाथ लायसेंस प्रदान किए।**

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि मु यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के तहत परिवहन विभाग द्वारा चमेली देवी कालेज और विवेकानंद कालेज में लर्निंग लायसेंस कै प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लर्निंग लायसेंस,ड्रायविंग लायसेंस नवीनीकरण एवं पंजीयन नवीनीकरण की सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया का प्रजेंटेसन सरल तरीके से तैयार कर महाविद्यालय में सभी को सर्कुलेट किया गया जिससे उनके द्वारा आसानी से लायसेंस बनाया गया और लायसेंस बनाने के साथ साथ विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा संबधित समझाईश दी गई। विभाग द्वारा तैयार किये गये प्रजेंटेशन का लोगों द्वारा अधिकाधिक लाभ उठाया जा रहा है। कै में लगभग ३10 छात्र-छात्राओं द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से आनलाईन आवेदन करने के पश्चात आनलाईन टेस्ट दिया गया। टेस्ट में सफल होने के तत्काल बाद ही एआरटीओ अर्चना मिश्रा द्वारा छात्रा छात्राओं को लर्निंग लायसेंस प्रदान किया गया। कै प के सफल आयोजन में चमेलीदेवी कालेज की प्राचार्य मनीष श्रवीस्वात व कोआडिनेटर जीमल खान तथा विवेकानंद कालेज के कोआडिनेटर सुरेश शर्मा व परिवहन कार्यालय के स्टाफ आदि ने सहयोग किया।

# ब्राउन तस्कर को भंवरकुंआ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर। भंवरकुंआ थाना क्षेत्र में छात्रों को ब्राउन शुगर की डिलेवरी देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिर तार कर उनके कब्जे से 18 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।**

भवंरकुंआ थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतिक्षा ढाबे के पास गणेश नगर पर दो संदिग्ध बदमाश ब्राउन शुगर रखे हुए रोड़ किनारे खड़े हैं। इस पर टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर अमन पिता संजय नरवले निवासी हरिजन कालोनी और बिलाल खान पिता शब्बीर खान निवासी कोहिनूर कालोनी को गिर तार किया। अमन नगर निगम का सफाईकर्मचारी है। इनकी तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से पुलिस ने 18 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों से मोटरसाइकल भी जब्त की है जिससे वह डिलेवरी देते थे।

## यंहा भी पुलिस ने जब्त किया मादक पदार्थ

क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजेंद्र नगर क्षेत्र में सेनशेसन होटल के पीछे पानी की टंकी के आसपास दो व्यक्ति एंव एक महिला अपनी मोटरसाइकिल से ब्राउन शुगर की डिलीवरी करने आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने सुरेश उर्फ माडल निवासी इंदौर, विक्की मालवीय और पूनम मालवीय को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12.7 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है जिसकी कीमत करीब एक लाख रूपए बताई जा रही है।

## किशोर को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कुत्ता पीछे लगने पर गति गति से बाइक लेकर जा रहे किशोर को आरोपी ने पीट दिया। सावन पिता दिलीप मलैया (15) निवासी आवास कालोनी बेटमा की शिकायत पर सचिन सोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी सचिन सोनी ने उसे रास्ते में रोक लिया। मोटर साइकिल को बंद कर दी। उसे बोलने लगा कि इतनी तेज मोटरसाकिल क्यों ले जा रहा था इस पर उसने बताया कि कुछ कुत्ते दौडऩे लगे तो वह तेज बाइक चला रहा था इस पर आरोपी ने विवाद करना शुरू कर दिया और उसके साथ में डंडे से मारपीट कर दी अपने चाचा के लड़के विजय को बुलया तो सचिन ने उसके साथ भी विवाद किया और जाति सूचक शब्दों से अपनामित किया।

# महिला की खुदकुशी में पति सहित तीन पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिमरोल थाना क्षेत्र में महिला द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को मामल की जांच मेंपता चला कि मृतका को तीनों लोग मिलकर संपत्ति बंटवारे को लेकर सताते थे, जिससे तंग आकर उसने अपनी जान दे दी।

पुलिस ने बताया कि लक्ष्मीपति प्रकाश डावर भील 39 साल निवासी सिमरोल ने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या कर ली थी। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सुरेश ठाकुर ने बताया कि कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर लक्ष्मी कोपति प्रकाश कलाबाई और ससुर प्रताप डाबर प्रताड़ित करते थे इसी के चलते उसने यह कदम उठाया था। ठाकुर ने बताया कि इस मामले में मृतका के माता पिता और अन्य लोगों के कथन लिए गए इसके बाद आरोपी आरोपियों के खिलाफ धारा 306 और 34 का प्रकरण दर्ज किया है । इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड स्थित फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर छगनलाल पिता मोती कृष्णा लोधी काम करने के दौरान गिरने से घायल हो गया। इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधक राजेंद्र जैन और सुपरवाइजर प्रकाश कुमावत के खिलाफ लापरवाही बरतने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**इंदौर**। एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चंदननगर पुलिस ने बताया कि रवि पिता दिलीप निवासी चांदमारी ईंट भट्ठा को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जंहा डाक्टरों ने मृत बता दिया। प्रारंभिक पड़ताल में यह बात बताई जा रही है कि वह बीते कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार रहता था उसका इलाज भी जारी था। जब वह घर पर अकेला था तब यह कदम उठा लिया।

# गाड़ी हटाने की बात पर वृद्ध दंपती को धमकाया, घर व कार में तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना में रहने वाले वृद्ध दंपती के साथ पड़ोसी ने घर में घुसकर मारपीट की। फिर आरोपी 40-50 लोगों को लेकर रात में उनके घर घुसा और धमकाकर, तोड़फोड़ कर भाग गए। खजराना पुलिस ने दंपती की सुनवाई नहीं की, उल्टा दोनों पक्षों के विवाद को मामूली मानकर क्रॉस कंप्लेंट दर्ज कर ली। दंपती के मुंबई से आए बेटे ने कमिश्नर को शिकायत की है।

घटना 9 मई को दाऊदी नगर में हुई। नेशनल केमिकल एंड फर्टीलाइजर लैब में स्टोर मैनेजर रहे सैयद ताहिद हुसैन (63) उनकी पत्नी अजमेरी (53), सायरा बी (70) यहां रहते हैं। इनका कहना है हमारी गाड़ी हटाने की बात पर पड़ोसी माज जिद्रान (19) ने 40-50 लोगों के उन पर हमला बोल दिया। ताहिद के बेटे अशद हुसैन ने बताया वे मुंबई में कार्यरत हैं। आरोपी माज के पिता ने नई गाड़ी ली है। वह देर रात कभी 1 बजे तो कभी 2 बजे पिता के घर की बेल बजाता है और पिता की गाड़ी हटाने के लिए बहस करता है। पिता को इस तरह परेशान न करने पर टोका तो वह अपने पिता व साथियों के साथ आकर मेरे पिता को धमकाने लगा। घर में तोड़फोड़ कर दी। घबराकर मां-पिता और नानी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। पुलिस आई तो उसके सामने भी आरोपी धमका रहे थे। हमारी कार व बाइक फोड़ दी, लेकिन पुलिस ने सख्त कार्रवाई न करते हुए मेरे माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर दिया।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।